आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 05 जनवरी, 2023
www.azadsipahi.in
04

# दुबई जेल में बंद है बिष्णुगढ़ का मजदूर, परिजनों ने सरकार से लगायी गुहार


**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** रोजगार की तलाश में गए झारखंड के प्रवासी मजदूर को जेल मिली है। मामला हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत खरकट्ठो गांव का है। प्रकाश साव पिछले 16 दिसंबर 2022 से दुबई में जेल में बंद हैं। मामले में परिजनों ने सरकार से गुहार लगाई है। बताते चले कि हजारीबाग जिले के बिष्णुगढ थाना क्षेत्र अंतर्गत खरकट्ठो निवासी किसुन साव के 20वर्षीय पुत्र प्रकाश साव दुबई में पिछले 16 दिसंबर 2022 की शाम को जब काम करके लौट रहा था। तभी उनकी बात परिवार के लोगों से हुई थी और परिवार को जानकारी दी कि मुझे यहां पुलिस ने पकड़ लिया हैं और मैं जेल में हूँ। तब से उनका मोबाइल बंद है।इसे लेकर परिवार वालों का रो रोकर बुरा हाल है।पत्नी बसंती देवी ने कहा कि प्रकाश साव पिछले एक वर्ष पूर्व रोजी रोटी की तलाश में दुबई गये थे।जहां पर बिल्डिंग बनानेवाली कंपनी में कार्य करता था। वह घर का एकलौता कमानेवाला होने के कारण माता पिता,पत्नी बसंती देवी व ढाई वर्षीय मासूम बच्ची परी कुमारी का रो-रोकर बुरा हाल है।परिजनों ने सरकार से मदद की गुहार लगाई हैं। वहीं प्रवासी हित में कार्य करनेवाले सिकन्दर अली ने प्रकाश साव के घर खरकट्ठो पहुंचकर पूरी जानकारी ली और इस घटना लेकर उन्होंन कहा कि पहला मौका नहीं है जब दलालों के चक्कर में पड़ कर गरीब तबके के लोग विदेशों में फंस जाते हैं और पूर्व में भी ऐसे कई मामले सामने आए हैं। पिछले माह ताजिकिस्तान में फंसे झारखंड के 44 मजदूर व दुबई जेल बंद बिष्णुगढ के मडमों के प्रवासी मजदूर विनोद महतो की वापसी हुई हैं। ऐसी घटनाओं का रोक लगाने के लिए ऐसे में सरकार को ठोस कदम उठाने की जरूरत हैं।

## कोडरमा में नहीं हुआ धूप का दर्शन, तापमान में भारी गिरावट



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले में बुधवार को धूप राजा का दर्शन नही हुआ। पूरे दिन लग रहा था मानो हम कोडरमा में नहीं बल्कि किसी ठंड प्रदेश में आ गए हैं। वहीं घने कोहरे ओर शीतलहर ने आम जीवन पर इसका जबरदस्त प्रभाव देखने को मिल रहा है। तापमान में आई भारी गिरावट के कारण राज्य सरकार ने जहाँ क्लास 5 तक के सभी स्कूलों को बंद कर दिया वहीं शीतलहरी के कारण आम जनजीवन खासा प्रभावित रहा। लोग ठंड के कारण घरों में दुबके रहे वहीं बुधवार को कोडरमा जिला मुख्यालय स्थित कन्या मध्य विद्यालय में पढ रहे क्लास 7 का बच्चा अभिषेक कुमार पिता प्रकाश दास शिव मुहल्ला निवासी ठंड के कारण प्रार्थना के वक्त गिर कर बेहोश हो गया। तत्काल कोडरमा सदर ले जाकर इलाज करा उस बच्चे को उनके घर पहुंचा दिया गया। इधर सरकार के निर्देश के बाद भी जिले के कई निजी विद्यालय आज भी खुले रहे। स्कूलों के बच्चों को घरों से अहले सुबह ही स्कूलों के लिए निकलना पड़ रहा है। नए साल में लगातार तीसरे दिन भी शहर से लेकर ग्रामीण इलाका पूरी तरह से कोहरे की चादर में लिपटा हुआ नजर आया। बुधवार की सुबह से आसमान में बादल छाए नजर आए जो देर शाम तक जारी रहा।

## लव कुमार ने मरकच्चो थाना प्रभारी का प्रभार संभाला



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** मरकच्चो के नए थाना प्रभारी के रूप में लव कुमार ने मंगलवार को योगदान दिया। उन्होंने निवर्तमान थाना प्रभारी सुमित साव से प्रभार ग्रहण किया। पद भार ग्रहण के बाद थाना प्रभारी लव कुमार ने कहा कि थाना क्षेत्र के लोगों को अमन चैन एवं सुरक्षा व्यवस्था पूरी तत्परता के साथ लागू किया जायेगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र मे भयमुक्त वातावरण कायम रखना हमारी पहली प्राथमिकता होगी। थाने में जो भी लोग आयेंगे उनका सम्मान के साथ कार्य निष्पादित किया जायेगा। उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील की है। मौके पर एसआई कुंदन कुमार, एएसआई उमेश सिंह, एएसआई रंजीत कु झा आदि पुलिस कर्मी व जवान मौजूद थे।

## व्यवसायियों ने मंत्री अन्नपूर्णा देवी को ज्ञापन सौंपा



जयनगर। प्रखंड अंतर्गत ग्राम कटिया परसाबाद के व्यवसायियों एवं ग्रामीणों ने केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी एवं बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव को विभिन्न समस्याओं को लेकर आवेदन सौंपा। ग्रामीणों ने कहा कि इस क्षेत्र का सबसे पुराना एक ही धर्मशाला है। वह भी इतनी जर्जर हो चुका है कि, कभी भी टूट कर गिर सकता है। इस धर्मशाला में बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ वैवाहिक कार्यक्रम एवं धार्मिक कार्यक्रम किया जाता था। लेकिन स्थिति जर्जर होने के कारण बंद पड़ा है। मौके पर शिक्षक एवं अध्यक्ष बीएनपी बरनवाल, पूर्वी जिला परिषद सदस्य केदारनाथ यादव, पूर्व प्रमुख जयप्रकाश राम, हरिहर मोदी, मोहन स्वर्णकार, सुभाष मोदी, दीना कसेरा, जनार्दन मोदी, नवीन कसेरा, सूरज साव, सुबोध भदानी, विनय बरनवाल, विपुल सिंह, शशि भूषण चौधरी, दीपक सिंह, गुड्डू मोदी, ज्योतिष मोदी, चंदन मोदी, राम जी मोदी, संतोष मोदी, महेश मोदी, कैलाश मोदी, इंद्रदेव मोदी, राजेश कसेरा, मुन्ना कुमार, बासुदेव मोदी, पिंकू कसेरा, चिंटू कसेरा, प्रदीप गुप्ता, विनोद गुप्ता, शिबू मोदी आदि ग्रामवासी उपस्थित थे।

## शीतलहर व कनकनी से बढ़ी बेचैनी, अलाव ही एकमात्र सहारा



**सतगावां (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड में विगत तीन दिनों से हांड कांपती ठंढ, शीतलहर व कनकनी से बेचैनी बढ़ी हुई है। विगत दो दिनों से आलम यह है कि लोगो को सूर्य के दर्शन भी नसीब नही है जिसके कारण तापक्रम और भी गिरता जा रहा है। सुबह रोजमर्रा के कार्य भी लोग नही कर पा रहे हैं। बाजारों में रौनक नही, सड़को पर सन्नाटा को देखकर कर्फ्यू का नजारा से कम नही है। अलाव ही एकमात्र साधन बनकर रह गया है। जगह जगह चौक चौराहे पर लोग जमा होकर किसी तरह आग के अलाव जलाकर ठंढ कम करने में लगे हैं। वहीं ज्यादातर लोग घर मे ही दुबके पड़े है। किसान खेत पर जाना भी मुनासिब नही समझ रहे जबकि मजदूरी करने वाले लोग भी घर मे ही रहना मुनासिब समझ रहे हैं। हालांकि शीतलहर को देखते हुए प्राथमिक स्तर के विद्यालय में पठन पाठन बन्द कर दिया गया है लेकिन उच्च प्राथमिक के बच्चों की उपस्थिति पर काफी असर पड़ा है। कोचिंग संस्थानों में भी बच्चों की उपस्थिति पर काफी असर है हालांकि निजी विद्यालय पूर्व की तरह संचालित हैं।

## युवक ने आत्महत्या की कोशिश की

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के डोमचांच थाना क्षेत्र के अंतर्गत पूणार्डीह में जहर खाकर एक व्यक्ति ने आत्महत्या की कोशिश की। युवक की पहचान अजय दास (उम्र 30 वर्ष पिता बाजो रविदास ग्राम पूणार्डीह, डोमचांच) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार बीती रात घर में झगड़ा के बाद जहर खा लेने से अचानक तबीयत बिगड़ने लगी जिसके बाद आनन-फानन में कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया। यहां डाक्टरों द्वारा इलाज चल रहा है।

## केश कलाकार संघ ने वनभोज का आयोजन किया




**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत केश कलाकार संघ सैलून की ओर से नगर पंचायत के अध्यक्ष प्रदीप शर्मा के अध्यक्षता में फुलवरिया जंगल के वन भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संचालन संघ के नगर कोषाध्यक्ष अजय शर्मा ने किया। वनभोज कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संघ के जिला अध्यक्ष मनोज शर्मा, जिला उपाध्यक्ष सिकंदर शर्मा, जिला सचिव विनोद कुमार शर्मा, जिला कार्यकारिणी सदस्य दिनेश शर्मा एवं वीरेंद्र शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित हुए। कार्यक्रम में संगठन मजबूती एवं विभिन्न अन्य बिंदुओं पर विचार-विमर्श करते हुए संगठन एकजुटता पर जोर दिया गया। धन्यवाद ज्ञापन नगर उपाध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा ने किया। मौके पर गोपाल शर्मा, प्रदीप शर्मा, वीरेंद्र शर्मा, उमेश शर्मा, अजय शर्मा, मनीष कुमार शर्मा, विजय शर्मा, विकास शर्मा, सोमर ठाकुर, महेंद्र ठाकुर, दिलीप शर्मा, रविंद्र शर्मा, शंभू शर्मा, वीरेंद्र, ननकी शर्मा, वीरेंद्र ठाकुर, विजय ठाकुर, सुजीत शर्मा, दिलीप ठाकुर, मनीष कुमार, वीरेंद्र ठाकुर, अजय शर्मा, संजय शर्मा, सुनील शर्मा, सोनू कुमार, अजय कुमार, बैजू शर्मा, विकास कुमार शर्मा, संतोष शर्मा, प्रकाश ठाकुर, रितिक कुमार, राजकुमार शर्मा, टुनटुन ठाकुर, पप्पू कुमार शर्मा, सोमर ठाकुर, रविंद्र शर्मा, मनोज शर्मा, दिनेश शर्मा, संतोष शर्मा, राधा ठाकुर, सुरेंद्र शर्मा, राजेश ठाकुर, रवि ठाकुर, सरवन ठाकुर, प्रदीप शर्मा, उमेश ठाकुर, सरवन कुमार, मुन्ना शर्मा, प्रकाश शर्मा, विनय शर्मा उपस्थित थे।

# ब्रह्म स्थान मंदिर पुनर्निर्माण की मांग को लेकर दिया गया धरना

**नगर निगम कार्यालय बनने से पहले हो मंदिर का निर्माण- हर्ष अजमेरा**

**संवेदक को हर हाल में मंदिर बनाना होगा - रोशनी तिर्की**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हजारीबाग।** डिस्ट्रिक बोर्ड चौक स्थित पौराणिक ब्रह्म स्थान मंदिर के पुनर्निर्माण को लेकर युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा के नेतृत्व में मंदिर के समक्ष एनएच 100 पर धरना दिया गया। जहां जिले भर से हिंदू संगठन के लोग शामिल हुए। इस दौरान नगर निगम की सहायक नगर आयुक्त प्रशिक्षु आईएएस शताब्दी मजूमदार धरना स्थल पर पहुंची और प्रदर्शनकारियों से वार्ता कर आश्वस्त किया कि भवन निर्माण में लगे संवेदक अभी बाहर हैं उनसे बात हुई है 2 दिनों के भीतर उनके आने पर फिर बात होगी। इस आश्वासन पर धरना प्रदर्शन समाप्त हुआ। इस प्रदर्शन में आर्श गुरुकुल कन्या विद्यालय की छात्राएं भी पहुंची थी। जिन्होंने वेद मंत्र के पाठ के साथ धरना को आरंभ किया। प्रदर्शन में मौजूद लोगों ने कहा कि डिस्ट्रिक बोर्ड चौक स्थित ऐतिहासिक मंदिर के बगल में नगर निगम कार्यालय का नव निर्माण किया जा रहा है। निर्माण के दौरान किए गए मशीनी उपकरणों के उपयोग का भाइब्रेशन से पौराणिक आस्था का ब्रह्म स्थान मंदिर ध्वस्त हो गया है। मंदिर समिति के द्वारा पूछे जाने पर संवेदक ने आश्वासन दिया था कि मंदिर का निर्माण नगर निगम भवन निर्माण के साथ-साथ करा देंगे। इस बीच संवेदक ने मंदिर समिति के सदस्यों से संबंधित नक्शा की मांग भी की जो 7 सितंबर 22 को वाहट्सअप से संवेदक के मोबाईल नं.8292607344 पर भेजा गया। मगर संवेदक अब मंदिर बनाने से कतरा रहा है। यह मंदिर हजारीबाग का ऐतिहासिक मंदिर है, इसे धरोहर के रूप में लोग मानते हैं। धरना में मेयर रोशनी तिर्की, भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव, युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा, जिप सदस्य कुमकुम देवी, विजय सिंह भोक्ता, लखन खंडेलवाल, समिति अध्यक्ष रामसेवक मेहता, बद्री गोस्वामी, दामोदर मेहता, बजरंग दल जिला संयोजक प्रशांत सिंह, विहिप जिला उपाध्यक्ष अरविंद मेहता, विहिप जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, किशोरी राणा, अरविंद राणा, जयनारायण मेहता समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।कार्यक्रम का संचालन बजरंग दल के जिला संयोजक प्रशांत सिंह कर रहे थे। युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने कहा की मंदिर नवनिर्माण की मांग को लेकर यह धरना दिया गया है। नगर निगम भवन बनने से पहले मंदिर का निर्माण होना चाहिए। नहीं हुआ तो आंदोलन और बड़ा रूप लेगा आज तो महज यह शुरूवात है। जब तक मंदिर नही बनेगा आंदोलन समाप्त होने वाला नही है। मौके पर मौजूद नगर निगम की मेयर रोशनी तिर्की ने कहा की संवेदक ने गलती किया है उसे हर हाल में मंदिर बनाना होगा। निर्माण कार्य कराने के दौरान आसपास के भवन और मंदिरों का ख्याल रखा जाना चाहिए था, इसमें लापरवाही बरती गयी।

## सिंदूर पंचायत भवन में मुखिया संघ की बैठक



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** सदर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सिंदूर पंचायत भवन में बुधवार को मुखिया संघ की बैठक हुई बैठक की अध्यक्षता मुखिया संघ के अध्यक्ष दिनेश कुमार के द्वारा किया गया जिसमें प्रखंड के सभी पंचायत के मुखिया पहुंचे सिंदूर पंचायत के मुखिया सरोज देवी, मेरु पंचायत के मुखिया सीमा सिंह, नयाखाप पंचायत के मुखिया पुष्पा देवी, बेहरी पंचायत के मुखिया पवन यादव यादि पंचायत के मुखिया पहुंचे और बैठक को संपन्न बनाएं बैठक में प्रखंड के सभी मुखिया द्वारा निर्णय लिया गया कि प्रखंड मुख्यालय यादि जिला से जो भी काम आता है पंचायत में मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य एवं समाजसेवी सभी कोई मिलकर पंचायत में काम करेंगे और जिले में सदर प्रखंड को हर क्षेत्र में नंबर वन बनाएंगे बैठक में ग्रामीणों भी पहुंचे कृष्णा प्रसाद (पंडित जी), रोजगार सचिव रंजन कुमार दास, पंचायत सचिव तीला नाथ महतो, वार्ड सदस्य उप मुखिया कपूर देवी, लक्ष्मी देवी, पुष्पा देवी, सुनील कुमार, कविता देवी, सुरेश राम, किरण देवी, रोशन कुमार, बरखा देवी, उपस्थित हुए ।

### नववर्ष में विभावि को मिलेगी नयी सौगात

## कई नये पाठ्यक्रम शुरू करने की हैं योजनाएं : वीसी

**डॉ मिथिलेश**



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय (विभावि) हजारीबाग को नववर्ष में कई नई सौगात मिल सकती है। इसकी उम्मीद जगाई वीसी प्रो. डॉ मुकुल नारायण देव ने वह बुधवार को विभावि सम्मेलन कक्ष में प्रेस को संबोधित कर रहे थे. नववर्ष मिलन समारोह में उन्होंने बताया कि विभावि में कई नए पाठ्यक्रम शुरू करने की योजनाएं है। इनमें डेटा साइंस, माइक्रोबायोलॉजी, बायोकेमिस्ट्री और मिनरोलॉजी आदि प्रमुख हैं। साइबर डिफेंस कोर्स की पढ़ाई भी शुरू होगी। फैशन डिजाइनिंग के लिए भी विभावि प्रशासन योजना बना रहा है। इन सभी विषयों की पढ़ाई के लिए विभावि 62 करोड़ भूमि अधिग्रहण करने की तैयारी में है। करीब 386 करोड़ की योजना का प्रस्ताव है। जब तक शिक्षकों की बहाली नहीं हो जाती, तब तक टॉपर्स स्टूडेंट्स को यहां पढ़ाने का मौका दिया जा रहा है। साथ ही पीजी में तीन क्षेत्रीय भाषाओं खोरठा, संथाली और कुड़ूमाली की पढ़ाई शुरू होगी। वहीं विद्यार्थियों के सहयोग के लिए स्टूडेंट वेलफेयर फंड होगा। इसके लिए कमेटी बना दी गई है और बायलॉज तैयार किया जा रहा है। 250 बेड वाला छात्राओं का छात्रावास भी तैयार है। जिम और बॉस्केटबॉल कोर्ट भी बन चुका है। क्रिकेट ग्राउंड में 16 जनवरी से खेल शुरू होने जा रहा है। विभावि में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाने की तैरूारी चल रही है। वीसी ने कहा कि पिछले वर्ष भी काफी उपलब्धियां रहीं। इस साल भी विभावि दो कदम और आगे बढ़ेगा. उन्होंने बताया कि वर्ष 1991 से 2011 तक विद्यार्थियों को ऑनलाइन सर्टिफिकेट देने के लिए डिजिटलाइजेशन का काम चल रहा है। वीसी ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लागू कर दिया गया है। विभावि में छात्राओं के आने-जाने के लिए पहले निःशुल्क एक ई-रिक्शा थी, उसे बढ़ाकर तीन टोटो कर दिया जा रहा है। बस सेवा दी जा रही है। यहां पिछले वर्ष दीक्षांत समारोह हुए। सीनेट की बैठक, यूथ फेस्टेवल, एनईपी, एआईए एमएल कोर्स आदि उपलब्धियों में शुमार हैं। यहां सत्र नियमित कर दिया गया है। यहां 200 से अधिक वेकेंसीज हैं और उस पर बहाली के लिए सरकार को कई बार पत्राचार किया जा चुका है। 23 लाख का पैकेज लेकर यहां के विद्यार्थी ने विभावि का नाम भी रोशन किया है। इंजीनियरिंग समेत विभिन्न विभागों के प्लेसमेंट भी बेहतर हैं. पूरा कैंपस वाई-फाई की सुविधा से जुड़ा हुआ है। प्रेस वार्ता में विभावि के वित्त सलाहकार सुनील कुमार सिंह, प्रोक्टर डॉ मिथिलेश कुमार और रजिस्ट्रार डॉ बीके गुप्ता, पीआरओ डॉ प्रमोद कुमार उपस्थित थे।

## हजारीबाग सरहुल मैदान में भव्य सोहराय पर्व 22 को




**चरही (आजाद सिपाही)।** अगामी 22 जनवरी को जिला परिषद बस पड़ाव के समीप सरहुल मैदान में आयोजित सोहराय महापर्व के अतिथि बाल विकास मंत्री जोबा मांझी को उनके आवास डोरंडा स्थित आवासीय कार्यालय में सोहराय महापर्व के पदाधिकारियों द्वारा आमंत्रण पत्र दिया गया . ज्ञात हो हो कि अगामी 22 जनवरी को हजारीबाग सरहुल मैदान में भव्य सोहराय पर्व मनाया जाएगा जिसमें हजारीबाग, रामगढ़ ,बोकारो व गिरिडीह सहित चार जिले के मांझी हाड़ाम ,जोगवा ,नायके व परानिक सहित छात्र छात्राएं,समाजसेवी ,बुद्धिजीवियों को सोहराय तैयारी कमेटी के द्वारा सम्मानित किया जाएगा . कार्यक्रम में सोहराय नृत्य व संगीत का भी भव्य आयोजन किया जाएगा . इस अवसर पर संताल आदिवासी समाज के संरक्षक सह ऑल संताल स्टूडेंट्स यूनियन के केंद्रीय प्रवक्ता आनंद सोरेन , मांझी हाड़ाम सह ऑल संताल स्टूडेंट यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष मनोज टुडू ,संताल आदिवासी समाज के संयोजक बाबूचंद हांसदा , ऑल संताल स्टूडेंट यूनियन के केंद्रीय सचिव मेघलाल सोरेन , सदस्य प्रकाश सोरेन , ऑल संताल स्टूडेंट यूनियन के जिला अध्यक्ष विकास टुडु सहित अन्य मौजूद थे।

# बड़कागांव में 3 दिनों से कड़ाके की ठंड

## छठी से 10वीं का पठन-पाठन स्थगित करने की मांग

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव प्रखंड तथा आसपास के क्षेत्र में लगातार तीन दिन से मौसम के तेवर ठंडे रहे। कड़ाके की इस ठंड में गृहणियों से लेकर कामकाजी लोगों का जनजीवन भी बुरी तरह प्रभावित हुआ है।छठी से आठवीं तक के बच्चे झड़ते हुए स्कूल पहुंच रहे हैं।2 जनवरी से लेकर 4 जनवरी तक को कोहरा सुबह देर तक छाए रहा और धूप भी पूरे दिन नहीं निकली।वैसे 3 जनवरी को करीब तीन बजे सूरज के दर्शन हुई थी। लेकिन बादलों की वजह से सूरज



मद्धिम था। 4 जनवरी को दिन भर बादल और कोहरा छाए रहे। अपने अपने घरों में लोग अलाव पर बच्चे और बढ़े तापते नजर आ रहे थे।हालांकि स्थानीय प्रशासन द्वारा चौक चौराहों एवं बाजारों में अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है। 4 जनवरी को अधिकतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 5 डिग्री रहा।झारखंड सरकार के निर्देश पर पहली से पांचवीं तक सरकारी स्कूलों को बंद कर दिया गया है। जबकि छठी एवं आठवीं क्लास खुला रखा गया। प्रखंड के अधिकांश निजी विद्यालयों में सरकारी आदेशों का उल्लंघन किया जा रहा है। निजी विद्यालयों में पहली से पांचवी तक की छात्रों की पढ़ाई अभी भी जारी है। इधर सिविल सोसाइटी के अध्यक्ष मनोज गुप्ता, आजसू के राजु सोनी, मनोज शाह, रामधनी विश्वकर्मा पप्पू कुमार गुप्ता दीपक गुप्ता पिंटू गुप्ता ने प्रशासन से चौक चौराहों के लिए अलाव की व्यवस्था करने की मांग की है।इधर पिंटू गुप्ता ने कहा कि प्रशासन को इसकी जिम्मेवारी उठानी चाहिए अगर प्रशासन अलावा व्यवस्था नही करती है, तो हम लोग को अपनी निजी खर्चे से व्यवस्था करेंगे। अभिभावकों ने जिला प्रशासन से छठी से 10 वीं वर्ग के विद्यार्थियों के लिए स्कूल में पठन-पाठन स्थगित करने की मांग की है।

## अंबा प्रसाद ने पीडब्ल्यूडी रोड का किया शिलान्यास



**केरेडारी(आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत केरेडारी प्रखंड क्षेत्र के पीडब्ल्यूडी रोड बुकरू से पचड़ा तक 7 किलोमीटर पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास मंगलवार को स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद ने कियो बुकरू मे आयोजित शिलान्यास कार्यक्रम में विधायक अंबा प्रसाद के पहुंचने पर ढोल बाजे के बीच फूल माला पहनाकर व बुके देकर स्वागत किया तत्पश्चात पूजन के बाद स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद ने सैकड़ों लोगों की मौजूदगी में इस सड़क मरम्मति कार्य का शिलान्यास कियो इस अवसर पर विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि क्षेत्र के सुदूरवर्ती इलाकों को मुख्य सड़क से जोड़ने का कार्य तेजी से हो रहा है। विधायक ने कहा कि पूरे विधानसभा क्षेत्र में तेजी से सड़क निर्माण कार्य जारी है आने वाले दिनों में और भी अधिक से अधिक सड़क पास करवाने का काम किया जाएगो अंबा प्रसाद ने संबंधित विभाग के अधिकारी और कार्य कर रहे एमएस संजय कुमार के संवेदक को बेहतर सड़क निर्माण करने एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने की बात कही मौके पर मुख्य प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रविंद्र कुमार गुप्ता,विधायक प्रतिनिधि सुरेश साव,पंचायत अध्यक्ष बालेश्वर साव, मुखिया महेश साव, मनोज सिंह गुरुदयाल साव, प्रभु यादव, जगरनाथ यादव, जगरनाथ महतो, नरेश यादव, अशोक महतो, अरविंद साव, मनीष कुमार, संतोष गुप्ता, राजेंद्र प्रजापति, मोहन साव,संजय साव, राजेश कुमार साव, कैलाश यादव,भागीरथ साव, दिनेश साव,संतोष साव, फुलेश्वर रजक समेत ग्रामीण मौजूद थे।

## भारत माला परियोजना के तहत पथ निर्माण कार्य से ग्रामीणों में रोष



**चरही (आजाद सिपाही)।** भारतमाला परियोजना के तहत वाराणसी टू कोलकाता एन एच आई पथ निर्माण कार्य में चुरचू प्रखंड के ग्राम हरहद, दासोखाप, मुकरू, कारुखाप, एंव बसाडी ग्राम के नक्शे के द्वारा पथ का भुमि सर्वे किया गया है इसमें रैती एंव गैरमजूरवा भुमि पर कार्य किया जाना है। जिस परियोजना के तहत कार्य किया जाना है उस विभाग एवं कंट्रक्शन के कर्मचारी स्थल पर पहुंचते ही ग्रामीणों ने अपने जमीन का मुआवजा के लिए बात करने लगा ग्रामीणों का कहना है कि हमलोगों के जमीन पर पिलर गाड दिया गया है और रैयत को कोई भूवर्जन द्वारा या और कोई भी प्रकार की नोटिस अभी तक नहीं दिया गया है इस तरह की मनमानी नहीं चलेगा बरगहियां के जो भी ग्राम कि भुमि अधिग्रहण किया गया है उस भुमि का उचित मुआवजा रैयत को भुगतान कर स्थल पर कार्य किया जाएगा अन्यथा रैयतों द्वारा स्थल पर कोई भी कार्य नहीं करने दिया जाएगा।

## मुखिया ने करवायी अलाव की व्यवस्था



**इचाक (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के पुराना इचाक पंचायत में मुखिया किरण देवी के सौजन्य से अलाव की व्यवस्था की गई। मुखिया किरण देवी ने बताया की ठंड के प्रकोप को देखते हुए राहगीरों की परेशानी से बचने के लिए अलाव की व्यवस्था किया गया है। आगे भी आने जानें वाली राहगीरो को बढ़ते ठंड से बचने के लिए पंचायत में अलाव की व्यवस्था किया जाता रहेगा। इचाक के कर्मचारी राकेश सिंह ने बताया की किन्हीं की ठंड में समस्या से जूझना न पड़े इसके लिए जगह जगह पर अलाव का व्यवस्था की जाएगी। पूराना इचाक पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि रंजीत कुमार ने कहा यह अलाव पूराना इचाक पंचायत के नया काली मंडा में किया गया है और जगह पर भी किया जायगा।

## बरका कला निवासी समाजसेवी शिबू राणा का हुआ निधन

**इचाक (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बरका कला गांव निवासी समाजसेवी शिबू राणा 62 वर्ष का निधन हृदय गति रुक जाने से हो गयी। मृतक अपने जीवन काल में गांव और अपने जाति समाज में एक दूसरे के दुख सुख में हाथ बटाते रहे। इनके असामयिक निधन से गांव और समाज को बड़ा आघात पहुंचा है। निधन की खबर सुनकर पूरे गांव और बढ़ाई समाज में शोक की लहर फैल गयी। अंतिम यात्रा में सुरेंद्र प्रसाद मेहता ,कामेश्वर प्रसाद मेहता, संतोष प्रसाद मेहता, शिक्षक नरेश रजक, भाजपा नेता ओम प्रकाश मेहता, सुनील तलवार ,महादेव राणा,जगदीश राणा, नकुल राणा, मोहन राणा के अलावा कई लोग शामिल थे। जबकि मुखाग्नि बड़ा पुत्र रामकुमार राणा ने दिया।

## सिंदूर हनुमान मंदिर में लगाया गया साउंड सिस्टम, पढ़ी गयी हनुमान चालीसा




**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** सदर प्रखंड के सिंदूर पंचायत अंतर्गत एनएच 33 पर बने हनुमान मंदिर में पिछले 1 वर्षो से प्रत्येक मंगलवार विधिवत हनुमान चालीसा पाठ के साथ चलाई जा रही है बजरंग दल के मिलन केंद्र। मिलन केंद्र बजरंग दल के सिंदूर पंचायत संयोजक निशी राज मेहता के नेतृत्व में चलाए जा रही है। इसी कड़ी में संगठन एवं समाज के सहयोग से मंदिर परिसर में साउंड सिस्टम लगाया गया। बजरंग दल के जिला संयोजक प्रशांत सिंह ने बताया मिलन केंद्र बजरंग दल का आत्मा है, यहां आकर कार्यकर्ता हनुमान जी के समक्ष अपने भक्ति से शक्ति एवं संस्कार अर्जित करते हैं तथा समाज में हो रहे आज सामाजिक एवं धर्म विरोधी गतिविधियों पर चर्चा कर नजर रखते हैं। जिलेभर में 200 से अधिक स्थानों पर बजरंग दल के द्वारा एसे मिलन केंद्र चलाए जा रहे हैं। इस कार्यक्रम में सिंदूर पंचायत के सह संयोजक सुमित वर्मा, अखाड़ा प्रमुख सागर वर्मा, समाजसेवी सह जिला परिषद सदस्य मुकेश मेहता समेत अन्य बजरंग दल के कार्यकर्ता शामिल थे।

## बड़कागांव के कई स्कूलों में झारखंड राय यूनिवर्सिटी ने छात्रवृत्ति टेस्ट लिया



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बीएम मेमोरियल स्कूल,मॉडर्न पब्लिक स्कूल,सरगम इंटरनेशनल स्कूल, संगम पब्लिक स्कूल, न्यू दिल्ली पब्लिक स्कूल सहित कई विद्यालयों में रांची के झारखंड राय यूनिवर्सिटी के द्वारा छात्रवृत्ति टेस्ट परीक्षा कक्षा 10 के छात्र छात्राओं को लिया गया। मौके पर झारखंड राय यूनिवर्सिटी के विकास कुमार उपस्थित रहे। मौके पर उन्होंने बताया कि जो भी इस परीक्षा में पास करेगा उसे 20 से लेकर 50% तक माइनिंग व डिप्लोमा करने वाले छात्रों की फीस में छूट मिलेगा। आगे उन्होंने बताया कि हमारी यूनिवर्सिटी गांव-गांव में जाकर कक्षा 10 के विद्यार्थियों को माइनिंग डिप्लोमा सहित अन्य कोर्स करने के लिए प्रेरित कर रहा है और उसके लिए फीस में छूट भी दे रहा है।

## बरकट्ठा में चल रही शीतलहरी से जनजीवन अस्त व्यस्त



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र में पिछले तीन-चार दिनों चल रही शीतलहरी ठंड से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। घने कोहरे व कड़ाके ठंड के बढ़ जाने के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। घने कोहरे की चादर में बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र में बुधवार को दिन भर सिमटा रहा। कड़ाके की ठंड व शीतलहर के कारण आम लोग दैनिक कार्य भी नहीं कर सके और अपने अपने घरों में दिनों भर दुबके रहे। सबसे अधिक परेशानी रिक्शा, ठेला चालकों व दैनिक मजदूरी कर घर परिवार चलाने वाले लोगों को झेलनी पड़ रही है। प्रखंड प्रमुख रेनू देवी एवं पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष बसंत साव पुर्व मुखिया राजकुमार नायक ने प्रशासन से बाकी की ठंड को देखते हुए अलाव जलाने की मांग किया है।

## पूर्व विधायक ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र, डीएमएफटी फंड के दुरुपयोग को लेकर उठाये सवाल

# 7 करोड़ 50 लाख का पार्क, बगैर टेंडर के निकल गये 3 करोड़ 50 लाख : शंकर चौधरी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** रामगढ़ समाहरणालय के सामने एक पार्क डीएमएफटी फंड से बनवाया जा रहा है, जिसकी लागत 7 करोड़ 50 लाख रुपए है, सबसे बड़ी बात यह है कि इसे बिना टेंडर के ही जिले के बाहर के उपायुक्त के पसंदीदा ठेकेदार को कार्य दे दिया गया है, इतना ही नहीं जिस दिन उसे कार्य करने का आदेश दिया गया उसके 4 से 5 दिनों के पश्चात ही 3 करोड़ 50 लाख रुपए की राशि भी अग्रिम दे दी गई। उक्त बातें बुधवार को पूर्व विधायक शंकर चौधरी ने अपने आवासीय कार्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि इस मामले में 4 नवंबर 2022 को एक पत्र मैंने स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा, लेकिन आज तक मुझे पत्र का जवाब नहीं मिला।



### डीएमएफटी फंड की हो रही है लूट

श्री चौधरी ने मुख्यमंत्री को लिखे गए पत्र में कहा कि यह तो चंद कार्यों का मैंने उल्लेख किया है, जिले में जितने भी कार्य चल रहे हैं उनमें लूट मची हुई है। रामगढ़ जिले में चल रहे विकास कार्य एवं विशेषकर डीएमएफटी फंड से हो रहे विकास कार्यों की सक्षम एजेंसी से जांच करवाकर दोषी व्यक्तियों को सजा दिलाने की कृपा करें।

### पिछले 10 वर्षों से मैं किसी भी राजनीतिक दल में नहीं हूं

पूर्व विधायक शंकर चौधरी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों से मैं किसी भी राजनीतिक दल में नहीं हूं, क्योंकि प्रत्येक दल की अपनी मजबूरियां होती है। सत्ता पक्ष विपक्ष पर दोषारोपण करता है, एक विपक्ष सत्तापक्ष को दोषी करार देता है। कमोबेश यही स्थिति हमेशा रही है, सत्ता चाहे किसी भी दल की हो।

### आजादी से पूर्व अंग्रेजों के थे गुलाम, अब आईएएस-आईपीएस के हैं

मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में पूर्व विधायक शंकर चौधरी ने कहा है कि झारखंड बने हुए 22 वर्ष हो चुके हैं, इन 22 वर्षों में हमने क्या पाया एवं क्या खोया। इसका विश्लेषण हर दल को एवं हर व्यक्ति को करना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश के आजादी के पूर्व हम अंग्रेजों के गुलाम थे, आज हम आईएस-एमआईपीएस के गुलाम हैं।

### क्या पूर्व विधायक जनप्रतिनिधि की श्रेणी में नहीं आते!

मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में पूर्व विधायक शंकर चौधरी ने कहा कि मैं आपसे जानना चाहता हूं कि सभी पूर्व विधायक जनप्रतिनिधि की श्रेणी में आते हैं या नहीं अगर आते हैं तो फिर कोई उपायुक्त जनप्रतिनिधि के पत्रों का जवाब नहीं दे, आरटीआई का जवाब नही दे, तो वैसे उपायुक्त से क्या अपेक्षा की जा सकती हैं।

## वन विभाग ने मृत अजगर सांप को कराया दफन



**कुजू (आजाद सिपाही)।** पिकनिक मनाने गये युवकों द्वारा क्षेत्र के पोचरा बगडेगवा नदी तट पर अजगर के मारे जाने के बाद वन विभाग द्वारा बुधवार को दफन करा दिया गया। ग्रामीणों द्वारा बुधवार की सुबह मृत अजगर होने की सूचना वन विभाग को दी गयी। जहाँ रेंजर केदार राम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वनरक्षी पवन कुमार अग्रवाल, देवेंद्र धर समेत वन समिति अध्यक्ष तुलसी महतो के सहयोग से गड्ढा खुदवाकर हुए मृत अजगर को दफन कराने का कार्य कराया। बताया जाता है कि गत एक जनवरी को स्थानीय युवकों द्वारा पिकनिक कार्यक्रम के दौरान अजगर को ईट- पत्थर से मार डाला था।

## बरका सयाल जीएम से मुलाकात कर पूर्व पार्षद ने क्षेत्र की समस्याओं से कराया अवगत




**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** पूर्व पार्षद अर्चना देवी ने बरका सयाल जीएम अजय सिंह से मंगलवार को मुलाकात की। मौके पर जीएम को शॉल व बुके भेंट किया। अर्चना देवी ने जीएम को क्षेत्र की समस्याओं और मजदूरों व जनता की समस्याओं से अवगत कराया। पानी, बिजली, जर्जर आवास, स्वास्थ्य सुविधाओं को दुरुस्त करने की मांग की। मौके पर जीएम अजय सिंह ने कहा कि क्षेत्र की समस्याओं पर उचित पहल का आश्वासन दिया।

## गिरिडीह में आयोजित मौन जुलूस में शामिल होगा रामगढ़ का दिगंबर जैन समाज



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** श्री सम्सेद शिखरजी बचाओ को लेकर 5 जनवरी को गिरिडीह जिला में सकल जैन समाज झारखंड के तत्वधान में विशाल मौन जुलूस निकाला जाएगा। इस जुलूस में भारत वर्ष के जैन समाज शामिल होंगे। वही, रामगढ़ के श्री दिगंबर जैन समाज के लोग भी भारी संख्या में शामिल होंगे। उक्त बातों की जानकारी बुधवार को श्री दिगंबर जैन समाज रामगढ़ के अध्यक्ष मानिकचंद पाटनी ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। उन्होंने कहा कि उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार से मांग किया है कि जैन समाज के पवित्रम तीर्थ स्थाल श्री सम्सेद शिखरजी ही बने रहने दे। उन्होंने कहा कि श्री सम्सेद शिखरजी जैन समाज का संपूर्ण विश्व में सबसे बड़ा पवित्रम तीर्थ स्थल है, जहां से जैन धर्म के 24 में से 20 तीर्थंकरों ने अनंतनाथ मुनियों के साथ मोक्ष प्राप्त किया है, यहां पवित्र क्षेत्र जैन समाज की आस्था का केंद्र है। केंद्र और राज्य सरकार हमारे पवित्र तीर्थ स्थल श्री सम्सेद शिखरजी को पर्यटक स्थल घोषित कर उसे एक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है, इसके विरोध में संपूर्ण देश, विदेश, विदेशों में पुरजोर तरीके से शांति प्रदर्शन किया जा रहा है। उन्होंने कहा है कि जैन समाज आज तक केंद्र और राज्य सरकार से कुछ नहीं मांगा है, बल्कि जैन समाज ने हमेशा देश के विकसित करने में अहम योगदान देते आ रहे हैं और देते रहेंगे।

## गणतंत्र दिवस को लेकर डीसी ने सिदो-कान्हू स्टेडियम का निरीक्षण किया



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** आगामी गणतंत्र दिवस के आयोजन को लेकर बुधवार को डीसी माधवी मिश्रा ने एसपी पीयूष पांडे के साथ शहर के बाजार टांड़ स्थित सिद्धू-कान्हू स्टेडियम का निरीक्षण किया। इस दौरान डीसी और जपु ने सिद्धू-कान्हू स्टेडियम में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं यथा पेयजल, शौचालय आदि का जायजा लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने स्टेडियम में पार्किंग व्यवस्था, परेड, मीडिया गैलरी, झांकियों के आयोजन सहित अन्य के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए। इन सबके अलावा डीसी ने जमीन समतलीकरण व गणतंत्र दिवस के दिन यातायात व्यवस्था सुदृढ़ रखते हुए कार्यक्रम का आयोजन कराने को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी सह नजारत उप समाहर्ता, कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सहायक अभियंता भवन प्रमंडल, सहायक जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, सार्जेंट मेजर सहित अन्य उपस्थित थे।

## चितरपुर महाविद्यालय में शासी निकाय की हुई बैठक, महत्वपूर्ण बिंदुओं पर हुआ विचार विमर्श

**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** चितरपुर महाविद्यालय चितरपुर में सांसद प्रतिनिधि रणंजय कुमार उर्फ कुण्टू बाबु की अध्यक्षता में शासी निकाय की बैठक की गयी जिसमें मुख्य रूप से उपस्थित हुए महाविद्यालय के सचिव शफीक अनवर, विश्वविद्यालय प्रतिनिधि डॉ राखो हरि प्रसाद, महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ संज्ञा, तथा शिक्षक प्रतिनिधि निखहत प्रवीण बैठक में शामिल हुई। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि महाविद्यालय में दूर-दराज से छात्र-छात्राओं का आना होता है जिस कारण उन्हें महाविद्यालय आने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसे ध्यान में रखते हुए शासी निकाय की बैठक में एक बड़ी वाहन बस लेने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही महाविद्यालय में चल रहे ठअअउ अउउफएञ्कळ्कठ कार्य की समीक्षा की गयी। मौके पर मौजूद उपस्थित सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि कॉलेज के लिए बस आ जाने से महाविद्यालय विकास में एक कदम और आगे बढ़ जाएगा वहीं सचिव महोदय ने कहा कि यह महाविद्यालय ग्रामीण क्षेत्र में है और महाविद्यालय में शिक्षा अधीन करने वाले छात्र छात्राएं सुदूरवर्ती ग्रामीण इलाके से आते हैं उनकी बेहतर सुविधा के लिए बस उपलब्ध हो जाने से छात्र छात्राओं को कॉलेज आने में आवागमन का सुलभ अवसर मिल पाएगा तथा समयानुसार छात्र पठन-पाठन के लिए कक्षा पहुंच पाएंगे यहाँ बस सुविधा मुहैया कराने से छात्रों के बीच पठन पाठन में रुचि पैदा करेगी।

# इंटर स्टेट ड्रग माफियाओं पर पुलिसिया शिकंजा ब्राउन शुगर की खेप के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चतरा ।** चतरा में सक्रिय इंटरस्टेट नशा खुरानी गिरोह के विरुद्ध पुलिस ने एक बार फिर बड़ी कार्रवाई की है। एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर प्रतिबंधित ब्राउन सुगर के खेप के साथ अंतरराज्यीय गिरोह के दो तस्करों को गिरफ्तार करने में सुरक्षाबलों को सफलता हांथ लगी है। एसडीपीओ के नेतृत्व में गठित सदर थाना पुलिस की स्पेशल टीम ने कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के रामटुंडा फुटबॉल मैदान से ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री करते दो तस्करों देवकांत दांगी और मो.परवेज को गिरफ्तार किया है। साथ ही गिरफ्तार तस्करों के पास से करीब पौने दो लाख रुपये का 17 ग्राम ब्राउन शुगर, विभिन्न कंपनियों का दो मोबाइल फोन व तस्करी में प्रयुक्त हीरो पैशन प्रो मोटरसाइकिल जप्त किया गया है। एसडीपीओ अविनाश कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि गिद्धौर थाना क्षेत्र निवासी देवकांत दांगी और सदर थाना क्षेत्र के कठोतिया निवासी मोहम्मद परवेज ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री को लेकर गिद्धौर और सदर थाना क्षेत्र की सीमा पर स्थित रामटुंडा फुटबॉल मैदान में एकत्रित हुए हैं। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एसपी के निर्देश पर एसडीपीओ के नेतृत्व में स्पेशल टीम का गठन किया गया। जिसमे प्रशिक्षु डीएसपी धनंजय राम, पुलिस अवर निरीक्षक प्रकाश सेठ, सहायक पुलिस अवर निरीक्षक राम विनय सिंह समेत थाना के सशस्त्र बल के जवानों को शामिल किया गया था। टीम ने प्रोफेशनल तरीके से कार्रवाई करते हुए फुटबॉल मैदान की घेराबंदी कर छापा मारकर दोनों तस्करों को पकड़ा है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार तस्करों से पूछताछ के आधार पर गिरोह में शामिल अन्य सफेदपोशों और तस्करों के अलावे माफियाओं के धरपकड़ को लेकर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस लगातार फरार तस्करों के धरपकड़ को लेकर छापामारी अभियान चला रही है। जल्द ही अन्य फरार तस्करों को भी दबोच कर सलाखों के पीछे भेज दिया जाएगा। एसडीपीओ ने आम लोगों से भी तस्करों के हर गतिविधि की सूचना पुलिस को देते हुए गैरकानूनी कार्यो में संलिप्त नहीं रहने की अपील की है।




# शैक्षणिक दृष्टिकोण से करें सोशल मीडिया का उपयोग, दुरुपयोग भविष्य पर पड़ेगा भारी : एसपी

## चतरा डीएवी स्कूल के बच्चों को किया गया जागरूक

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चतरा ।** डीएवी पब्लिक स्कूल में पुलिस की ओर से सोशल मीडिया के यूज व मिस यूज को लेकर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में एसपी राकेश रंजन व एसडीपीओ अविनाश कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे। एसपी राकेश रंजन ने स्कूल के क्लास 9 से 11 तक के बच्चों को सोशल मीडिया के यूज और मिस यूज के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। एसपी ने कहा कि सोशल मीडिया का प्लेटफार्म बच्चों के लिए काफी फायदेमंद है। शैक्षणिक दृष्टिकोण से बच्चे सोशल मीडिया के माध्यम से चंद मिनटों में देश दुनिया की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इंटरनेट व सोशल साइट्स पर सभी तरह के शैक्षणिक मैटेरियल व गतिविधियां उपलब्ध है। बच्चे सोशल मीडिया व इंटरनेट के माध्यम से अपनी बौद्धिक क्षमता बढ़ा सकते हैं। उन्होंने सोशल मीडिया व इंटरनेट के दुष्परिणाम से भी बच्चों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया का प्रचलन के बाद से साइबर क्राइम भी बढ़ गया है। समाज में असामाजिक विद्वेष को बढ़ाने वाला कंटेंट इंटरनेट पर अपलोड करना अपराध की श्रेणी में आता हैं। इसके लिए साइबर क्राइम के तहत मामला दर्ज किया जाता है। बच्चों को इन सभी से बचने की जरूरत है। बच्चे सिर्फ ज्ञान अर्जित करने के लिए सोशल मीडिया का प्रयोग करें। लगातार प्रयोग में लाने के कारण सोशल मिडिया का लत लगने की भी संभावनाए बढ़ जाती है। बच्चों को इससे भी बचने की जरूरत है। इसके बाद एसपी ने बच्चों को स्टूडेंट पुलिस कैडेट से संबंधित जानकारी भी दी। बच्चों को प्रोत्साहित भी किया और कहा कि स्टूडेंट पुलिस कैडेट से जुड़कर कम्युनिटी पुलिसिंग कर समाज को फायदा पहुंचाएं। मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अविनाश कुमार, डीएवी के प्रिंसिपल सैयद एजाज अहमद के अलावा स्कूल के सभी शिक्षक उपस्थित थे।



## बिहार के जाने माने जेनरल फिजिशियन हैं डॉ संजीव



**चतरा (आजाद सिपाही)।** नये साल के मौके पर मरीजों को बड़ी राहत मिली है। मौका था चौपारण थाना क्षेत्र के बोंगा गांव निवासी दिवंगत सेवानृवित शिक्षक राजेंद्र कुमार राम के यह में मंगलवार को बिहार के पूर्णिया के जाने माने एमबीबीएस जेनरल फिजिशियन डॉ संजीव कुमार के द्वारा शिविर लगाकर मरीजों का नि:शुल्क जाँच किया गया। यह जांच इटखोरी प्रखंड के तुम्बी चौक में जांच शिविर लगाया गया था। सैकड़ो मरीजों ने शिविर में अपना जांच करवाया। जिसमें साइटिका, मस्तिक रोग, दमा, लकवा, टयफड़, मलेरिया गैस्टिक आदि को रोगियों का डॉ संजीव कुमार ने इलाज व जांच किया। उन्होंने कहा इस तरह के शिविर लगाकर गरीबों व समाज के अंतिम व्यतियों का जांच करने से बहुत सुकून मिलता है। डॉ ने कहा आगे भी इस तरह के नि:शुल्क जांच लगाई जाएगी। इस दौरान उन्होंने कहा यहा जानकर चिकित्सक की जरूरत है। लोगों का आभार व्यक्त कर नए साल की बधाई दी। मरीजों के शिविर में जांच के लिए धीरज कुमार, पंकज कुमार विक्की, विवेक छोटे, बिनय आदि लोगो ने अहम भूमिका निभाई। यह जाँच शिविर से आस पास के लोगों में काफी खुसी है। लोगों ने कहा इस तरह के शिविर जांच लगने से समाज के गरीब व किसानों को फिजूल खर्च से राहत मिली। इस तरह के जांच महीना में एक बार जरूरत है।

# अभियान चलाकर दो एकड़ में लगी पोस्ता की खेती को पुलिस ने किया नष्ट

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चतरा ।** प्रतापपुर वन विभाग एवं पुलिस ने बुधवार को संयुक्त अभियान चलाकर वन क्षेत्र में दो एकड़ में लगे अवैध पोस्ता की खेती को नष्ट कर दिया गया है इस अभियान का नेतृत्व वन क्षेत्र पदाधिकारी राजबल्लभ पासवान एवं थाना प्रभारी विनोद कुमार ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान वन क्षेत्र के शिकारपुर में लगे अवैध पोस्ते की खेती को ट्रैक्टर चलाकर नष्ट कर दिया गया है इस संबंध नें वन क्षेत्र पदाधिकारी राजबल्लभ पासवान ने बताया कुछ लोगो के द्वारा वन विभाग एवं रैयती में अवैध तरीके से पोस्ता की खेती किया गया है जिसको वन विभाग एवं पुलिस के संयुक्त अभियान चलाकर ट्रैक्टर एवं कर्मियो के मदद से नष्ट कर दिया गया है शिकारपुर एवं बामी में अभी भी पोस्ता की खेती लगा हुआ है इस अभियान में वन विभाग के विकास रंजय, रितेश बाख्ला, सुरेश कुमार, प्रवेश सिंह समेत जिला बल के जवान शामिल थे।



## अटूट लंगर के साथ गुरुद्वारा कुजू में प्रकाशोत्सव का हुआ समापन



**कुजू (आजाद सिपाही)।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा कुजू द्वारा सिखों के 10वें गुरु, श्री गुरु गोविंद सिंह जी महराज के 357 वें प्रकाशोत्सव को लेकर आयोजित सात दिवसीय कार्यक्रम का समापन अटूट लंगर हुई। लंगर में विभिन्न समुदाय के श्रद्धालु शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया। इससे पूर्व, गुरुद्वारा में कीर्तन दरबार सजाया गया। जहां रागी जत्था द्वारा गुरुवाणी पाठ और शबद कीर्तन की प्रस्तुति की गई। तत्पश्चात गुरुद्वारा में मुख्य ग्रंथि बाबा कुलबीर सिंह के अरदास के बाद अटूट लंगर का आयोजन किया गया। वही, गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने कुजू पश्चिमी पंचायत मुखिया जय कुमार ओझा के अलावे कई जनप्रतिनिधियों को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। प्रकाशोत्सव के मौके पर आयोजित सात दिवसीय कार्यक्रम के दौरान 29 दिसंबर से 2 जनवरी तक प्रभात फेरी निकाली गई थी। जिसके बाद 2 जनवरी से अखंड पाठ जमशेदपुर से आये गुरमीत कौर ग्रुप द्वारा प्रारंभ की गई। साथ ही 3 जनवरी को नगर कीर्तन सह शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को लेकर कुजू गुरुद्वारा में भव्य विद्युत सज्जा कर आकर्षक रूप से सजाया गया था। कार्यक्रम को सफल बनाने में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान अरविंदर सिंह बग्गा, उप प्रधान अरविंदर सिंह होरा, सेक्रेटरी गुरमीत सिंह छाबड़ा, उप सेक्रेटरी दीपक सिंह सलूजा, कोषाध्यक्ष मनजीत सिंह होरा, उपकोषाध्यक्ष गुरमीत सिंह बग्गा सहित मनजीत सिंह बग्गा, इकबाल सिंह सलूजा, गुरुबचन सिंह होरा, अमरजीत सिंह बग्गा, अमरजीत सिंह छाबड़ा, अरविंदर सिंह होरा, रविंदर सिंह सलूजा, हरविंदर सिंह सलूजा, हरजीत सिंह होरा, अमन सिंह, मनजीत सिंह सलूजा, सुरजीत सिंह संधू, गुरदीप सिंह गुंडे, पाले गिल, पप्पू सिंह, बागी सिंह, सतपाल सिंह, रामदयाल चोपड़ा, सोनू सिंह, हरजीत कौर बग्गा, डोली कौर, रानी कौर, बेबी कौर, रिशु कौर, पॉली कौर, शालू कौर, पिंकी कौर, निक्की कौर, रविंदर कौर, सिमरनजीत कौर, मोनल, सोनल, साहिबा, सीरत, राजू, लकी, अंकित, अमृत, यश, करण, सुमित, राजवीर, प्रीत आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## आंगनबाड़ी केंद्र कोयलरा में स्वेटर का वितरण



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड के बड़गांव पंचायत अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र कोयलरा में बच्चों को स्वेटर का वितरण किया गया।बड़गांव पंचायत के उपमुखिया बिशु उरांव ने आंगनबाड़ी केंद्र के तीस बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया। इस मौके पर आंगनबाड़ी सेविका आशा देवी, सहायिका सोमरी देवी, प्रीति देवी, सुशीला देवी,पूजा देवी, सुमित्रा देवी, काजल देवी, सोनिया देवी, संगीता देवी, उर्मिला देवी, सोमरी, गीता, पूनम सहित कई महिलाएं मौजूद थी।

## ग्रुप प्रेजेंटेशन के बाद हुआ तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड परिसर के वर्किंग हॉल में सोमवार से जारी ग्राम पंचायत दल के तीनदिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन किया गया। इसमें तीन दिनों में जो प्रशिक्षण विभिन्न विभागों के प्रमुखों व मास्टर टेज्नर के द्वारा दिया गया गया। वो सब विषय प्रशिक्षु कितना सीख पाए इसेके लिए ग्रुप प्रेजेंटेशन करवाया गया। इसके तहत सभी प्रशिक्षुओं को ग्रुप में बांटकर उनसे सवाल जवाब किए गए। साथ ही विषयों की व्याख्या करने को कहा गया। मौके पर बीपीआरओ सुखदेव मरांडी, ओमप्रकाश, जेएसएलपीएस के विपीन कुमार, चितरंजन कुमार सहित सैकड़ो की संख्या में ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल के लोग शामिल थे।

## ठंड के कहर से बचने के लिए लोगबाग ले रहे हैं अलाव का सहारा



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू सहित आस पास के क्षेत्रों में लगातार तीन से धुंध और बादल रहने के कारण क्षेत्र का तापमान अचानक गिर गया है। इससे सिहरन और ठिठुरन बढ़ गयी। ठंढ इतनी अधिक है कि स्वेटर और जैकेट आदि ठंढ से बचाव करने वाले उपायों से भी बचाव नहीं हो पा रहा है। ऐसी स्थिति में लोगबाग जहां तहां कोयला, लकड़ी आदि इकट्ठा कर अलाव जला रहे हैं, और उससे ठंढ से बचाव कर रहे हैं। अलाव जलाकर अपने को ठंढ से बचाव करते पतरातू सहित आस पास के क्षेत्रों में सभी जगह देखें जा सकते हैं। ठंढ़ बढ़ने से रास्ते में आवाजाही करने वालों की भीड़ भी कम देखी जा रही है। वहीं प्रखंड और अंचल कार्यालयों व क्षेत्र के बैकों में भी अन्य दिनों की तरह भीड़भाड़ नहीं देखी जा रही है।

## मुखिया सुनीता देवी ने बच्चों के बीच किया पोशाक वितरण



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड मुख्यायल के पंचायत मुखिया सुनीता देवी के हाथों पंचायत में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या तीन में पढ़ रहे बच्चों को बढ़ती ठंड से बचाव हेतु नि:शुल्क पोशाक का वितरण किया गया। इस सिलसिले में मुखिया सुनीता देवी ने बताई की टंडवा पंचायत क्षेत्र के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों के पोषित गाँव में सरकार द्वारा प्रदत्त नन्हे मुन्हें बच्चों को जोड़ा पोशाक जैसे स्वेटर पैंट का वितरण करने की निर्देश देती हूँ। इस मौके पर समाजसेवी सुभाष दास, सेविका सुषमा देवी सहायिका कविता देवी समेत कई अभिभावक उपस्तिथ थे।

## अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ की बैठक

**कुजू (आजाद सिपाही)।** तोपा ऑफिसर्स क्लब में अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ का केंद्रीय समिति की बैठक हुई। बैठक में केंद्रीय अध्यक्ष रौशन लाल चौधरी, केंद्रीय महासचिव सतीश सिन्हा मौजूद रहे। बैठक के दौरान विभिन्न बिंदूओ पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी। वही, आगामी 8 फरवरी को सीसीएल मुख्यालय रांची में धरना देने का निर्णय लिया गया। बैठक में रामभजनलाल महतो, तेजनाथ महतो, अरविंद कुमार, नंदू सिंह, संतोष सिन्हा, संजय मिश्रा, इंद्रदेव राम, शंकर प्रसाद, अजीत कुमार, रामजीत सिंह, समीम शहजाद कई लोग मौजूद रहे।

## भुरकुंडा में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम आज

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** खादी एवं ग्राम उद्योग आयोग प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत भुरकुंडा में गुरूवार को एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए राज्य निदेशक, खादी एवं ग्रामोदयोग बोर्ड के निदेशक संदीप कुमार ने देते हुए बताया कि उक्त कार्यक्रम गुरूवार की सुबह 11 बजे मेन रोड भुरकुंडा स्थित शालीमार स्वीट्स के समीप आयोजित होगी। कोयलांचलवासियों के लिए यह कार्यक्रम काफी लाभदायक सिद्ध होगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों से उक्त कार्यक्रम में भाग लेकर बहुप्रतीक्षित योजना के संबंध में जानकारी प्राप्त कर इसका लाभ उठाने की बात कही है। उन्होंने बताया कि पीएमईजीपी योजना के तहत युवाओं को स्व रोजगार से जोड़ने में लोन रूपी आर्थिक सुविधा आसान प्रक्रिया से उपलब्ध कराई जाती है। साथ ही केंद्र सरकार लोन में सब्सिडी भी उपलब्ध कराती है।

## भुरकुंडा पंचायत भवन में नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर आज

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** ललिता नेत्रालय बाजार टांड रामगढ़ के सौजन्य से गुरूवार को भुरकुंडा पंचायत भवन में नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया जायेगा। उक्त जानकारी देते हुए पंचायत के मुखिया अजय पासवान ने क्षेत्रवासियों से उक्त शिविर में पहुंचकर लाभ उठाने की बात कही।

# डीडीसी ने बिशुनपुर प्रखंड में की योजनाओं की समीक्षा



**बीडीओ को 15वें वित्त आयोग के तहत आवंटित अवशेष राशि को गाइडलाइन के अनुसार योजनाओं में खर्च करने के दिये निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बिशुनपुर।** गुमला उप विकास आयुक्त बुधवार को बिशुनपुर पहुंचे, जहां उन्होंने प्रखंड कार्यालय सभागार में कर्मियों के साथ बैठक कर 15वें वित्त आयोग के तहत आवंटित राशि खर्च करने की जानकारी ली। उन्होंने बीडीओ को अवशेष राशि को सरकारी गाइडलाइन के अनुसार योजनाओं में खर्च करने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत लंबित आवास को जल्द पूर्ण करने एवं मनरेगा योजना अंतर्गत प्रति राजस्व ग्राम में पांच योजना संचालित करने का निर्देश दिया। वहीं मनरेगा की योजनाओं में मैंडेज बढ़ाने का कड़ा निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया गया। बैठक के बाद उप विकास आयुक्त ने बनारी में चल रहे स्वास्थ्य केंद्र निर्माण कार्य का अवलोकन किया।

उन्होंने बीडीओ छंदा भट्टाचार्य को निर्देश देते हुए कहा कि आप उक्त योजना का विजिट करते रहें ताकि स्वास्थ्य उप केंद्र का निर्माण गुणवत्तापूर्ण हो सके। मौके पर बीपीओ संदीप उरांव सहित पंचायत सचिव रोजगार सेवक संबंधित विभाग के जेई सहित कई कर्मी उपस्थित थे।

# सीओ सह एमओ ने राशन दुकान में गड़बड़ी की शिकायत की जांच की



**सिसई (आजाद सिपाही)।** बुधवार को सीओ सह एमओ अरुणिमा एक्का ने लरंगो पंचायत के बर्री गांव में संचालित राशन दुकान में गड़बड़ी की शिकायत की जांच करने पहुंची। इस दौरान उन्होंने दुर्गा महिला मंडल बर्री जन वितरण प्रणाली दुकान के राशनकार्ड धारकों से वितरण संबंधी पूछताछ व राशन दुकान के वितरण-स्टॉक, उठाव संबंधित पंजी व माप तौल की गहनता पूर्वक जांच की। उन्होंने बताया कि राशन दुकान संचालकों द्वारा कार्डधारी को अगस्त और सितंबर माह का मुफ्त व पैसा से मिलने वाले दोनों राशन और दिसंबर माह का एनएफएसए राशन नहीं बांटा गया है। जांच रिपोर्ट जिला आपूर्ति पदाधिकारी को समर्पित किया जाएगा, उनके निर्देशानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# हेठटोली गांव में नहर टूटने की सूचना पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने किया निरीक्षण



**भरनो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के हेठटोली गांव में नहर टूटने की सूचना पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष चैतू उरांव ने निरीक्षण किया। वे किसानों से मिलकर उनकी समस्या से अवगत हुए। उन्होंने कहा कि पारस जलाशय से निकलने वाले नहर से दर्जनों गांवों के किसान सिंचाई करते हैं। विगत तीन साल पहले नहर की मरम्मत की गई थी। परंतु बार बार नहर टूट जाती है। नहर मरम्मत कार्य में लापरवाही बरती गयी है। इसकी लिखित शिकायत संबंधित मंत्री व जिला प्रशासन से करेंगे। निश्चित तौर पर किसानों की समस्या दूर होगी। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष अशीषनाथ शाहदेव, पतितपावन शाही, मोख्तार आलम, साबिर फरास, अफरोज खान, मीर गुलजार, इदरीश खान, अनिल बाड़ा, बिरसा उरांव सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**अभियान :** जिले में भी कुछ दिनों पूर्व चलाया गया था अतिक्रमण मुक्त अभियान, हाल फिर है पहले जैसा

# क्या गरीबों को परेशान करने के लिए चलाया जा रहा है अभियान?

**क्या गरीब लोगों को उजाड़ने के बाद प्रशासन इनकी रोजी रोटी के लिए कोई दूसरा स्थान उपलब्ध कराएगा?**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला/पालकोट।** बहुत से लोग ये समझ रहे थे कि सरकारी भूमि पर उनका 50 साल से कब्जा है तो अब उनका कौन क्या बिगाड़ लेगा। कानून ने भी कई स्थानों पर पुराने कब्जेदारों को मालिकाना हक देने का प्रावधान रखा है। इस संबंध में जानकारों का कहना है कि सरकारी भूमि हर हाल में सरकारी भूमि होती है, जिसे सरकार कभी ना कभी वापस ले लेती है। अब पालकोट में चल रहे सरकार के अतिक्रमण मुक्त अभियान के दूसरा दिन भी अतिक्रमण मुक्ति के लिए प्रशासन ने जबरदस्त बुलडोजर चलाया। सरकारी भूमि में अवैध कब्जा व एनएच के दोनों ओर अतिक्रमण के खिलाफ पालकोट में दूसरे दिन दिन भर प्रसाशन का बुलडोजर चला। मंगलवार की तर्ज पर ही बुधवार को प्रसाशनिक अमला पूरे लाव लश्कर के साथ बघिमा पहुंचा व बघिमा बाजार टांड़ में सरकारी बाजार शेड के अलावा जितने भी कच्ची पक्की छपरी दुकाने निर्मित थीं, सभी को ध्वस्त कर दिया गया। बाजार टांड़ के सीमांकन के अंदर जितने भी गुमटी लगे थे उन सभी को अल्टीमेटम दिया गया कि वह दो दिनों के अंदर जगह खाली कर दें। एनएच के बीच से दोनों छोर में चालीस फिट तक जितने भी अतिक्रमणकारी हैं उन्हें ताकीद की गई कि शुक्रवार तक अतिक्रमण हटा लें। साथ ही यह चेतावनी दी गई कि अगर शुक्रवार तक अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो शनिवार को पुनः प्रसाशनिक बुलडोजर चलेगा। लेकिन देखने वाली बात यह होगी कि क्या यह अतिक्रमण हटाओ अभियान केवल कुछ समय तक प्रभावी रहेगा? क्या अतिक्रमण कर अपनी जीविका चला रहे गरीब लोगों को उजाड़ने के बाद प्रशासन इनकी रोजी रोटी के लिए कोई दूसरा स्थान उपलब्ध कराएगा? क्या कुछ दिनों के बाद पुनः उस स्थान पर अतिक्रमण देखने को नहीं मिलेगा? जैसा कि जिला मुख्यालय के जशपुर रोड स्थित सब्जी मंडी में देखने को मिला। क्या अतिक्रमण मुक्त अभियान केवल गरीब लोगों को परेशान करने के लिए चलाया गया, या सरकारी भूमि पर अतिक्रमण को हटाकर वहां जन सरोकार से जुड़ी हुई किसी योजना को अमलीजामा पहनाने की तैयारी है? ये सवाल तो हर आम इंसान के दिल में उठ रहे हैं मगर इन सवालों के जवाब फिलहाल आम लोगों के पास नहीं हैं। लेकिन सबकी जुबां पर ये वाक्य जरूर है कि आगे आगे देखिए होता है क्या?

दूसरे दिन के अतिक्रमण मुक्त अभियान में पालकोट बीडीओ मनीष कुमार सीआई मो. यूसुफ एसआई संदीप राज सहित अन्य अधिकारी व पुलिस बल उपस्थित थे।

# बिहार के ईंट भट्ठे से निकला बीमार मजदूर पांच दिनों से लापता

**पत्नी ने गुमला थाना में लिखित आवेदन देकर अपने पति को ढूंढ निकालने की गुहार लगायी है**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** बिहार के जिला गोपालगंज के करौली गांव स्थित एक ईंट भट्ठा में मजदूरी करने गया गुमला का मजदूर पिछले कुछ दिनों से लापता है। मजदूर का नाम कार्तिक उरांव और उम्र लगभग 35 साल बतायी जा रही है। वह गुमला प्रखंड अंतर्गत धनगांव गाजाटोली का निवासी है।

बताया जा रहा है कि मजदूर की अचानक तबियत खराब हो गई। इस पर मजदूर ने ईंट भट्ठा मालिक से घर जाने की अनुमति ली। ईंट भट्ठे के मालिक से 1500 रुपये लेकर वह 30 दिसंबर 2022 को बस पर बैठ कर घर आने के लिए निकला। लेकिन 4-5 दिन बीत जाने के बावजूद अभी तक वह घर नहीं पहुंचा। जिसके बाद पत्नी बुधमईन उराईन काफी परेशान है।

पत्नी ने गुमला थाना में लिखित आवेदन देकर अपने पति को ढूंढ निकालने की गुहार लगायी है। साथ ही मजदूर संघ सीएफटीयूआई झारखंड प्रदेश सचिव जुमन खान से मिलकर सहयोग की अपील की गई है। कार्तिक के छोटे-छोटे बच्चे हैं और सबका भरण-पोषण उसी की कमाई से होता है।

# अवैध बालू भंडारण को लेकर फरार चल रहा आरोपी गिरफ्तार



**सिसई (आजाद सिपाही)।** अवैध बालू भंडारण को लेकर फरार चल रहे जलका शिवनाथपुर गांव निवासी जोबू उरांव को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया गया। इस बावत थानेदार आदित्य कुमार चौधरी ने बताया कि जोबू उरांव पर वर्ष 2021 में अवैध बालू भंडारण को लेकर प्राथमिकी दर्ज हुई थी। तब से वह फरार था। गुप्त सूचना मिली कि वह अपने घर आया हुआ है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे उसके घर से गिरफ्तार किया गया।

# कंप्यूटर शिक्षिका आत्महत्या मामले में ससुराल पक्ष के खिलाफ हत्या की प्राथमिकी दर्ज

**मायके वालों का रुख देख प्रखंड प्रशासन ने अपनी देखरेख में अंतिम संस्कार कराया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बसिया।** कलिगा गांव निवासी राहुल साहू की पत्नी एवं उच्च विद्यालय बसिया की कम्प्यूटर शिक्षिका परी कुमारी द्वारा मंगलवार को फांसी लगाकर आत्महत्या के बाद मृतका की मां रांची बड़गाई निवासी सोहबती देवी ने बसिया थाने को एक आवेदन देकर परी के पति राहुल साहू, ससुर संजय साहू, सास कमला देवी, देवर अमन साहू, ननद प्रिया देवी एवं नंदोसी प्रदीप गुप्ता पर बेटी को प्रताड़ित करने एवं हत्या कर आत्महत्या का रूप देने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज करायी है। सोहबती देवी ने थाने को दिए आवेदन में कहा है कि मेरी बेटी 25 दिसंबर को बड़गाई अपने मायके आयी थी। जिसका 3 जनवरी को बसिया लौटने की बात थी लेकिन उसे साजिश के तहत उसके ससुराल वाले 31 दिसंबर को ही जबरन बसिया ले आये और मिलकर घटना को अंजाम दे दिया। सोहबती देवी ने पुलिस प्रशासन से सभी आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर उन्हें फांसी की सजा दिलाने की भी मांग की हैं।

वहीं दूसरी और बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद परी का शव कलिगा लाया गया जहां पर पुलिस कस्टडी से राहुल को लेकर अंतिम संस्कार किया गया। परी के मायके वालों के द्वारा राहुल साहू के घर में आकर सभी आरोपियों की तुरंत गिरफ्तारी की मांग की जाने लगी। परी के मायके वालों के आक्रोशित रुख और संभावित अप्रिय घटना को देखते हुए बसिया सीओ रविन्द्र कुमार गुप्ता के नेतृत्व में थाना प्रभारी छोटू उरांव, एसआइ मिनकेतन कुमार, एसआई भानु कुमार भारती, एसआइ पायल गुप्ता सशस्त्र पुलिस बल के साथ कलिगा पहुंचकर परी का अंतिम संस्कार कराया गया और परी के मायके वालों को समझा बुझाकर उन्हें कलिगा से थाना परिसर लाया गया। आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर समाचार लिखे जाने तक परी के मायके वाले थाना में ही रुके हुए थे।

**आजाद सिपाही में छपी खबर का असर :** लापता जवान के परिवार से मिला कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल

# लापता जवान को ढूंढ़ने व परिवार की सहायता के लिए कांग्रेस अध्यक्ष ने दिलाया भरोसा

**जवान की पत्नी से मिलकर असम, लखिमपुर, कामाख्या आदि के कुछ कांटेक्ट नंबर लेकर उनसे बात कर लापता जवान के संबंध में पूछताछ की**

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिसई।** 'मातृभूमि की रक्षा में सर्वस्व न्यौछावर करने वाले आर्मी के एक लापता जवान की तलाश में भटकते परिवार' पर आधारित आजाद सिपाही की ग्राउंड रिपोर्ट छपने के बाद बुधवार को कांग्रेस के जिलाध्यक्ष चैतू उरांव कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ लापता आर्मी जवान सोमई उरांव के परिजनों से मिलने उसके घर पहुंचे। प्रतिनिधि मंडल ने जवान की पत्नी मुन्नी देवी से मुलाकात की और ढांढस बंधाया। इस दौरान जिलाध्यक्ष चैतू उरांव ने लापता हुए जवान की पत्नी से विस्तृत जानकारी ली और पत्नी द्वारा बताए गए कुछ कांटेक्ट नंबर जो आसाम लखिमपुर, कामाख्या आदि के थे, उन से बात की। विभिन्न मोबाइल नंबर व गूगल पे के माध्यम से भेजी गई राशि वाले नंबरों से संपर्क कर लापता जवान के संबंध में पूछताछ की।

साथ ही उन्होंने लखिमपुर के एसपी डॉ बीएम राज खोआ से फोन पर संपर्क किया। उन्होंने उक्त घटना की जानकारी देते हुए सिसई थाना में दर्ज जीरो एफआईआर की कांपी व लापता जवान का फोटो भेजकर आर्मी जवान सोमई उरांव के बारे में खोजबीन करने का आग्रह किया। उन्होंने लापता जवान का पता लगाने के लिए जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आसाम राज्य की कांग्रेस कमेटी से संपर्क कर वहां के स्थानीय प्रशासन से छानबीन कराने और पीड़ित परिवार को पार्टी व व्यक्तिगत रूप से हरसंभव मदद व सहयोग करने का आश्वासन दिया। इस संबंध में जिलाध्यक्ष ने आजाद सिपाही से कहा कि वह आजाद सिपाही में छपी खबर को पढ़ने के बाद फौरन लापता जवान के घर पहुंचे हैं और लापता जवान को ढूंढने तथा उक्त परिवार की सहायता के लिए कांग्रेस की जिला कमेटी हरसंभव तत्पर है।

## सकरौली पहुंचा कांग्रेस जिला अध्यक्ष का काफिला



कांग्रेस का प्रतिनिधि मंडल सकरौली गांव पारस नदी तट के श्मशान घाट में शारीरिक दुर्बल पुत्र के साथ झोपड़ी बनाकर रह रहे बुजुर्ग दंपति परिवार से मिलने गया। यह खबर आजाद सिपाही अखबार में बीते 28 दिसंबर को प्रमुखता से प्रकाशित की गई थी। जिला अध्यक्ष चैतू उरांव ने आजाद सिपाही के सहयोग से सकरौली गांव का भी भ्रमण किया। जहां परिवार की स्थिति व परिवार से कुआं व आवास के नाम पर 20 हजार रुपये ठगने वाले बिचौलिये की जानकारी ली। इस संबंध में जिलाध्यक्ष चैतू उरांव ने बीडीओ से फोन पर बात कर परिवार को अंबेडकर आवास देने और संबंधित बिचौलिया पर कार्रवाई करने की बात कही। साथ ही उन्होंने मीडिया के माध्यम से ऐसे मामलों को उजागर करने को लेकर पत्रकारों का धन्यवाद किया। इस मौके पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष बैबूल अंसारी, पूर्व प्रमुख शनियारो देवी, वरिष्ठ कांग्रेसी सफीक अंसारी, तरुण गोप सहित अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

# भरनो प्रखंड के दतिया गांव में जंगली हाथी ने मिट्टी के घर को किया ध्वस्त



**भरनो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के डुडीया पंचायत अंतर्गत दतिया गांव में बीती रात एक जंगली हाथी ने पंचायत समिति सदस्य कार्मेला उरांव के मिट्टी के घर को क्षतिग्रस्त कर दिया है। घर के अंदर सो रहे परिजन बाल बाल बचे। गांव में हाथी के प्रवेश से ग्रामीण काफी भयभीत हैं और रतजगा करने को मजबूर हैं। वन विभाग को हाथी द्वारा की गयी क्षति की सूचना दे दी गयी है। साथ ही नुकसान को लेकर वन विभाग से मुआवजे की भी मांग की गई।

# अवैध महुआ शराब बनाने के आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने भेजा जेल

भरनो (आजाद सिपाही)। अवैध रूप से देसी महुआ शराब बनाकर बिक्री करने के आरोप में भरनो ब्लॉक चौक निवासी मनोज उरांव को भरनो पुलिस ने गिफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया। इस बाबत थाना प्रभारी कृष्णा कुमार तिवारी ने बताया कि गुप्त रूप से लगातार यह सूचना मिल रही थी कि मनोज उरांव अवैध रूप से महुआ शराब बनाकर घर में ही बेचता है। जिसे लेकर टीम का गठन कर मनोज के घर में मंगलवार की शाम छापेमारी की गई। इस क्रम में उसके घर से 15 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। शराब को नष्ट करते हुए मनोज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

# पालकोट में बोलेरो के धक्के से स्कूटी सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल




**पालकोट (आजाद सिपाही)।** नाथपुर गांव के समीप बोलेरो वाहन व स्कूटी के बीच सीधी टक्कर में करौंदाबेड़ा निवासी युवक कुणाल बाड़ा व अभिषेक पाना गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों करोंदा बेड़ा के निवासी है। दोनों के पैर टूट गये। मौके पर पहुंचे एएसआई पार्थो खलखो ने घायल युवकों को इलाज के लिए पुलिस गाड़ी में ही पालकोट स्वास्थ्य केन्द्र भेजा। उसके उपरांत उन लोगों की हालत को देखते हुए तुरंत रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। मौके से बोलेरो चालक वाहन छोड़ कर फरार हो गया है।

# जवाहर नवोदय विद्यालय मसरिया घाघरा में छठी कक्षा में नामांकन के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** जवाहर नवोदय विद्यालय मसरिया घाघरा में सत्र 2023-24 के लिए छठी कक्षा में नामांकन के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू हो चुका है। ऑनलाइन आवेदन भरने की अंतिम तिथि 31 जनवरी व परीक्षा की तिथि 29 अप्रैल सुनिश्चित किया गया है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए विद्यालय के संजय साहू ने बताया कि जिन छात्र-छात्राओं की जन्मतिथि 1-5-2011 से 30-4-2013 के बीच है और लगातार तीसरी, चौथी एवं पांचवी कक्षा में गुमला जिला के सरकारी या मान्यता प्राप्त विद्यालय में अध्ययनरत है वह ऑनलाइन आवेदन कर सकते है।

# घाघरा प्रखंड के 109 बांस कारीगरों के बीच टूल किट का किया गया वितरण



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय परिसर में बुधवार को दोपहर मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड गुमला द्वारा चयनित घाघरा प्रखंड के 109 बांस कारीगरों के बीच हिंडालको सीएसआर के द्वारा टूल किट का वितरण किया गया। वितरण कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त हेमंत सती, एसडीओ रवि जैन वीडियो विष्णु देव कच्छप, सीओ प्रणव ऋतुराज उपस्थित हुए। वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित उप विकास आयुक्त हेमंत सती ने कहा कि बंबू टूलकिट की मदद से कारीगरों को उत्पादन और अपने आमदनी बढ़ाने में सहयोग मिलेगी यह एक अच्छी पहल है। आप सभी बेहतर तरीके से कारीगरी का काम करें ।वहीं एसडीओ रवि जैन ने बांस के कारीगरों का अच्छे-अच्छे उत्पाद जो बाजार में जिनका मांग ज्यादा हो वैसे उत्पादों को बनाकर लोकल बाजार के साथ ऑनलाइन मार्केटिंग करने की भी सलाह दी ताकि आय दुगनी किया जा सके। हिंडालको सीएसआर प्रमुख नीरज कुमार ने कहा कि इन औजारों के माध्यम से बांस के सुंदर उत्पाद बनाकर आमदनी बढ़ाए। आर्थिक मजबूती में यह मददगार साबित हो सकता है साथ ही आपका जीवन स्तर ऊंचा होगा। वही टूल किट में एक हथौड़ी, एक फाइबर हथौड़ी ,एक पलास,एक छोटी टेप, एक छेद करने वाला वर्मा, पांच पीस रेती,बॉस छिलने वाला हासुवा, एक बटला और एक बैग वितरण कारीगरों के बीच हुई। मौके पर उपस्थित जिला श्रम निरीक्षक मुन्ना राम, खान प्रबंधक अखिलेश सिन्हा, सहायक प्रबंधक सतीश विश्वकर्मा, जिला संयोजक सूरज कुमार, सीएसआर विभाग के रामअवतार पासवान, अभय भारती, प्रखंड समन्वयक अजय मोहन प्रसाद, सूर्य देव तुरी सहित कई कारीगर उपस्थित थे।

